हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 नवंबर 2025

14 क्रेसण्ट स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता...



14 वंदे मातरम ने देश की आजादी में एकता व...



## खबर संक्षेप

### डॉग स्क्वॉड की मदद से 3 किलो डोडापोस्त मिला
**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने एक तस्कर को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरजेवान उर्फ गुरजीवन पुत्र भुरा सिंह निवासी बबनपुर के रूप में हुई है। आरोपी से 3 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया है। बबनपुर निवासी गुरजीवन सिंह के मकान में डोडा पोस्त छिपाकर रखने की सूचना पर डॉग स्क्वॉड की सहायता से आंगन में प्लास्टिक कट्टा मिला।

### फ्रॉड मामले में पुलिस ने युवक को किया पकड़ा
**फतेहाबाद।** सीएससी सैंटर संचालक से हजारों रुपये का फ्रॉड करने के मामले में भूना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान परमजीत पुत्र सोहनलाल निवासी नाथूसरी चोपटा, जिला सिरसा के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है।

### टोहाना पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को किया काबू
**फतेहाबाद।** नशा तस्करी व नशीले पदार्थों की रोकथाम के तहत चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को 2.35 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि एएसआई मनजीत सिंह पुलिस चौकी चंडीगढ़ रोड टोहाना, पुलिस टीम सहित सरकारी वाहन में सवार होकर चंडीगढ़ रोड होते हुए भूत मार्केट की तरफ गश्त व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए निकले थे।

### पंच पर हमले के मामले में दो युवक गिरफ्तार
**फतेहाबाद।** गांव बुर्ज के पंच पर जानलेवा हमला करने के मामले में रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जीवन उर्फ काटा पुत्र काला सिंह निवासी घासवा तथा अमनदीप उर्फ अमन सफारी पुत्र जीवन सिंह निवासी बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस पहले ही दो अन्य को काबू कर चुकी है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला 10 अक्टूबर का है। शिकायतकर्ता हीरा सिंह पुत्र बिट्टू सिंह निवासी बुर्ज ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ रहीं, हाईवे किनारे फेंका जा रहा वेस्ट

- अवैध डंपिंग प्वॉइंट पर होटल व रेस्टोरेंट का बचा हुआ खाना, वेस्ट फेंका जा रहा

**नेशनल हाईवे व बाईपास पर सडक किनारे कई जगह अवैध डंपिंग प्वॉइंट बन गए हैं। इससे पर्यावरण व हाइवे की सुंदरता पर बुरा असर पड़ रहा है। राहगीरों का बदबू से जीना मुहाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शादियों का सीजन चल रहा है। शहर व शहर के बाहर रेस्टोरेंट व होटलों में निरंतर शादी समारोह आयोजित हो रहे हैं। नेशनल हाईवे व बाईपास पर सडक़ किनारे कई जगह अवैध डंपिंग प्वॉइंट बन गए हैं। कचरे को देखकर ऐसा लग रहा है कि ये कचरा होटल व रेस्टोरेंट वेस्ट है। इस कचरे में सिंगल यूज डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, चम्मच, चाय पीने वाले मिट्टी के कुल्हड़, होटलों का बचा हुआ बासी भोजन जैसे सब्जियां, सलाद, पॉलीथिन, सिल्वर रॉल आदि। यह एनजीटी के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इससे पर्यावरण व हाइवे की सुंदरता पर बहुत ही बुरा असर पड़ रहा है। इस कचरे के कारण हाईवे पर आवारा कुत्तों व बेसहारा पशुओं की संख्या बढ़ रही है। हर समय रोड एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता है। प्रदूषण बढने के साथ-साथ इस कचरे से जानवरों के आने से बीमारियों के फैलने का भी खतरा है। हाईवे पर अवैध डंपिंग प्वॉइंट के पास से गुजरने पर राहगीरों को बदबू आनी शुरू हो गई है।




फतेहाबाद। मिनी बाईपास पर सडक़ किनारे लगा कचरे का ढेर तथा अवैध डम्पिंग स्टेशन पर बिखरा कचरा।

### चिकन वेस्ट भी हाईवे किनारे फेंक रहे, जिसके कारण दुर्गंध फैल रही
शहर की प्रताप मार्किट के पास शहर में आने वाले हाईवे पर अनेक जगह चिकन वेस्ट फेंका जा रहा है। यह चिकन वेस्ट हाईवे के साथ लगती हुडा और नगर परिषद की जमीन मे फेंका जा रहा है। कई बार यह चिकन वेस्ट सडक़ किनारे ही पड़ा मिलता है, जिसके कारण इस एरिया में दुर्गंध फैली रहती है। फतेहाबाद मे कई अवैध डंपिंग प्वॉइंट है। हुडा सैक्टर 3 चौक तक का एरिया हुडा के अंडर में आता है। लेकिन नगर परिषद इन अवैध डंपिंग प्वॉइंट्स को खत्म नहीं कर पा रहा है। विभाग की ओर से एक बार यहां कचरा न डालने का चेतावनी बोर्ड लगाया था। जब यहां कचरा डालना बंद नहीं हुआ तो विभाग ने वह चेतावनी बोर्ड की हटा दिया। कुछ लोगों ने बताया कि शहर के कई चिकन होटलों का वेस्ट हाईवे किनारे फेंका जाता है।

### मॉडल टाउन में पपीहा पार्क के बाहर कारों में झलकते हैं जाम, फैलाते हैं गंदगी, जीना दूभर
नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश हैं कि नेशनल हाईवे को गंदा नहीं होने देना है। राहगीरों की सुविधा के लिए नेशनल हाईवे को साफ-सुथरा रखना है। हाईवे को गंदा करने वालों पर कार्रवाई करने के भी आदेश हैं। मॉडल टाउन में पपीहा पार्क व मुख्य डाकघर के सामने मार्किट में फास्ट फूड की दुकानों के आगे देर शाम तक कारों में लोग शराब का सेवन कर डिस्पोजल व कचरा वहीं फैंक जाते हैं। यहां पर न तो हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और न ही नगरपरिषद कर्मचारी सफाई के लिए जाते हैं। सडक़ों पर होटलों का बचा हुआ बासी खाना फेंका जा रहा है। आरोप हैं कि नेशनल हाईवे पर बने कुछ होटल, रेस्टॉरेंट, मैरिज पैलेस के कारिंदे भी सडक़ों पर होटल वेस्ट फेंकते हैं। इस कचरे के कारण बेसहारा पशु व कुत्ते हाईवे पर घूमते रहते हैं। जिसके कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कचरे को देखकर लगता है कि है कि यह किसी होटल या मैरिज पैलेस में जनरेट हुआ कचरा है। एनजीटी ने खुले में कचरा फेंकने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। अब देखना ये है कि नेशनल हाईवे के अधिकारी गंदा करने पर वालों पर कब कार्रवाई करते हैं।



फतेहाबाद। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह व उनकी टीम को सम्मानित करते जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी। फोटो : हरिभूमि

## जगद्गुरू ने ट्रस्ट के संस्थापक भवानी के अलावा नशा छोड़ने वाले 16 युवाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक कर उन्हें सतमार्ग पर लाने के उद्देश्य से पंचकूला में ज्योति प्रकाश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री श्री 1008 जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी विकास दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर में नशे के खिलाफ मुहिम चलाने वाले संगठनों के अलावा नशा छोडऩे वाले युवाओं को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। फतेहाबाद जिले के लिए गौरव की बात यह रही है कि जिले को नशामुक्त करने को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन एवं भवानी सिंह के नेतृत्व में कार्य कर रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट को इस कार्यक्रम में जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूद**
कार्यक्रम में देशभर से संत-महात्माओं के अलावा डीजीपी हरियाणा ओपी सिंह, एशियन कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष गुलाब सैनी, प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्यअतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपप्रधान प्रमोद, गुरदीप सिंह, अशोक नंबरदार, अशोक कम्बोज, विक्की हिजरावां, कृष्ण पचार, राम सिंह पूनियां, सोनी सरपंच खूनन, राकेश कम्बोज सरपंच नूरकी अहली, बंटी नागपुर आदि भी मौजूद रहे।

जगद्गुरू ने ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह द्वारा समाज से नशामुक्ति बुराई को खत्म करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उनके साथ गए 16 युवाओं जोकि नशा छोडक़र समाज की मुख्य धारा में लौट चुके हैं, को भी सम्मानित किया गया।

**यह 16 युवा सम्मानित**
सम्मानित होने वाले 16 युवाओं में फतेहाबाद जिले से चेतन, राजेश कुमार, टोनी, सिंह, बलजिन्द्र, सन्नी, नितिन, सोनू, नीरज कुमार, आकाश, सुमित नागर, जगसीर सिंह, विजय कुमार, सुरज, रणजीत व जसप्रीत सिंह शामिल रहे।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर शहीदी यात्रा आज

- प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नौवें सिख गुरु एवं 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आठ नवंबर को प्रातः 10 बजे रोड़ी से आरंभ होने वाली शहीदी यात्रा में शिरकत करेंगे।

इसके उपरांत दोपहर साढ़े 12 बजे मुख्यमंत्री सिरसा के चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के सभागार में गुरु तेग बहादुर सिंह जी के जीवन एवं दर्शन पर आधारित राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्यातिथि होंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंजाब के कुलपति प्रो. जगबीर सिंह वक्ता होंगे। इसी अवसर पर हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन पर लिखी गई दो पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। शहीदी यात्रा आठ नवंबर से 16 नवंबर तक जिला के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए फतेहाबाद रवाना होगी। यात्रा का समापन 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा।

### मोटरसाइकिल सवार हेरोइन सहित गिरफ्तार
**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान नजदीक जगदंबे पेपर मिल रंगडी रोड़ सिरसा क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार एक युवक को हजारों की 11 ग्राम 85 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की पहचान संजय पुत्र शिव कुमार निवासी गांव बकरियां वाली जिला सिरसा के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की टीम गश्त व चेकिंग के दौरान जगदंबे पेपर मिल नजदीक बाएक सवार युवक के भागने पर पकड़कर तलाशी में कब्जे से 11 ग्राम 85 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## नप की कार्रवाई, नौ दुकानें सील कीं

- दुकानदारों जताया विरोध, कहा कोर्ट में जाएंगे


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नगर परिषद ने सिरसा शहर के हिसार रोड पर अवैध तरीके से बनाई गई मार्केट में करीब 9 दुकानों को सील कर दिया गया। विभागीय कार्रवाई से दुकान के मालिक खफा हो गए और सील करने के लिए आए अधिकारियों का विरोध किया। नगर परिषद ने जहां यह कार्रवाई दुकानों की भूमि को आवासीय बता कर की है तो वहीं भूमि मालिकों का दावा है कि यह पूरी तरह से व्यवसायिक है और एसडीएम कोर्ट भी इसे मान चुका है। लोगों ने मामले की शिकायत लेकर कोर्ट जाने की बात भी कही। हिसार रोड स्थित नहर कालोनी के सामने बनी करीब 9 दुकानों को सील करने पहुंचे। विभागीय टीम के आने के बाद यहां के किरायेदारों व दुकान मालिकों ने सामान निकालना शुरू कर दिया। जैसे जैसे दुकानें खाली होती गई नप कर्मी दुकानों को सील करने लगे, परंतु कुछ समय बाद ही वहां एकत्रित दुकानदार इसका विरोध करने लगे। दुकान मालिक राजकुमार, मोहित, सत्यारानी, रामनाथ, प्रवीण मेहता ने बताया कि कुछ लोग और नोटिस चस्पा गए। इसके बाद आज सील करने के लिए भी पहुंच गए।



सिरसा। नगर परिषद द्वारा सील की गई दुकानें तथा विरोध करते दुकानदार।

### दुकानों के ताले तोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार
**सिरसा।** पुलिस ने जनता भवन रोड क्षेत्र से दुकानों के ताले तोडक़र करीब 12 हजार रूपए की नगदी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को राजस्थान की चूरू जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति सतीश पुत्र बलराज ने शिकायत में बताया कि अज्ञात युवकों द्वारा रात के समय जनता भवन रोड पर उसकी व उसके साथ लगती तीन चार अन्य दुकानों के ताले तोडक़र कर करीब 12 हजार रूपए की नगदी चोरी करके ले गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शहर थाना के पुलिस टीम ने आरोपी को राजस्थान की चुरु जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ कर दुकानों की निशानदेही करवाई जा रही है।



### प्राध्यापकों ने कुलपति के नाम भेजा ज्ञापन
**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के प्राध्यापकों ने हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को कालेज प्राचार्य के माध्यम से सीडीएलयू के कुलपति को भेजा है, जिसमें सभी प्राध्यापकों ने परीक्षा ड्यूटी मेहनताने का शीघ्र अति शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन के स्थानीय शाखा के प्रधान डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा प्रत्येक सत्र में दो बार परीक्षाओं का आयोजन करवाया जाता है जिसमें महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों की ड्यूटी फ्लाइंग स्क्वाड, सैंटर सुपरीटेंडेंट, डेप्युटी सुपरीटेंडेंट व सुपरवाइजर के रूप में लगाई जाती है।

### नप ने सफाई टैक्स बढ़ाकर तोड़ी दुकानदारों की कमर, बढ़ा रोष
**फतेहाबाद।** नगर परिषद कार्यालय द्वारा जारी किए गए नए हाउस टैक्स में इस बार सफाई शुल्क भी शामिल किया गया है, जिससे शहर के व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है। मोबाइल मार्केट के दुकानदारों का कहना है कि दुकानों पर पहले से टैक्स लागू है, लेकिन इस बार सफाई का अलग चार्ज जोड़ दिया गया है। दुकानदारों के अनुसार, नगर परिषद ने प्रत्येक दुकान पर लगभग 609 रुपये तक सफाई शुल्क लगाया है। इतना ही नहीं, जिन दुकानों में छोटा बेसमेंट है, उनका भी अलग से सफाई चार्ज जोड़ा गया है। व्यापारी वर्ग का कहना है कि सफाई का ठेका देने के बाद नगर परिषद ने उसका पूरा भार जनता पर डाल दिया है, जिससे छोटे व्यापारियों की कमर टूट रही है।

### नशा मुक्ति टीम की मुहिम, 10 ड्रग पीड़ितों को काउंसलिंग कर दी दवा
**फतेहाबाद।** जिलेभर में नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता की दिशा में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज एसआई सुंदर के नेतृत्व में कार्यरत नशा मुक्ति टीम ने ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत आजाद नगर फतेहाबाद व रतिया क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान टीम ने क्षेत्र में चिन्हित ड्रग पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया तथा उन्हें नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। टीम द्वारा आजाद नगर फतेहाबाद के 2 तथा रतिया क्षेत्र के 8 जिनमें 03 महिलाएं शामिल हैं, नशा पीड़ितों की विस्तृत काउंसलिंग की गई। सभी व्यक्तियों को आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक औषधियां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। नशा मुक्ति टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से संवाद किया।

### दुष्कर्म प्रयास के आरोपी ताऊ को महिला पुलिस ने किया गिरफ्तार
**फतेहाबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म प्रयास के मामले में महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी ताऊ को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजेंद्र उर्फ पांचू नाई पुत्र खजान सिंह निवासी गांव भिरडाना के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि मामले में बालिका के बयान पर कार्रवाई की गई। 5 नवम्बर को वह शाम लगभग 4 बजे गांव के गुरुद्वारा में माथा टेकने गई थी, जहां आरोपी राजेंद्र उर्फ पांचू नाई की मनियारी की दुकान थी। वापसी पर परिजनों के कहने पर वह ताऊ के साथ घर चली गई, जहां आरोपी ने घर में अकेला पाकर दरवाजा बंद कर जबरदस्ती गलत हरकत करने की कोशिश की। शोर मचाने पर उसकी माता और पिता मौके पर पहुंच गए।

## वॉलीबॉल खिलाड़ी मानवी के शानदार खेल प्रदर्शन से जिले की टीम रही अव्वल
**चोपटा।** हरियाणा स्टेट ओलंपिक खेलों में इस बार सिरसा की बेटियों ने मारा मोर्चा, और उनमें संत कबीर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सबका दिल जीत लिया। मानवी ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और सिरसा व स्कूल दोनों का नाम गौरवान्वित किया। अंडर-17 वर्ग में दृष्टि (कक्षा 8वीं) ने भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए वॉलीबॉल में दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 वर्ग में पूनम (कक्षा 12वीं आट्र्स), किरण (कक्षा 11वीं आट्र्स) और लक्ष्मी (कक्षा 11वीं आट्र्स) ने शानदार टीमवर्क दिखाते हुए 2ड्डस्र स्थान प्राप्त किया। वहीं ईशिका ने हैंडबॉल जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरा स्थान हासिल किया था। योगा में सरीना, पूजा और सिवर ने ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। इसी के साथ करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सिरसा जिले की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें योगेश, अंकित और अनीश तीनों संत कबीर इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी हैं। अंडर-14 आयु वर्ग में स्कूल स्टेट प्रतियोगिता में तुषांत और नवीन ने स्कूल का मान बढ़ाया।



रतिया। मंदबुद्धि युवती को परिजनों के सुपुर्द करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### रतिया पुलिस ने गुम मंदबुद्धि युवती को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया
**रतिया।** थाना सदर रतिया में तैनात पुलिस टीम ने अपनी सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक गुमशुदा मंदबुद्धि युवती को सुरक्षित उसके परिवार से मिलवाया। थाना सदर रतिया की ईआरवी-227 टीम में तैनात उपनिरीक्षक दयालचंद, चालक उपनिरीक्षक सुभाष और एसपीओ गुरतेज को एक कॉल प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति की बेटी खुशबदीप पुत्री गुरजीत सिंह निवासी रतिया जो मानसिक रूप से मंदबुद्धि है, घर से कहीं चली गई है और नहीं मिल रही। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गँवाए इलाके में सर्च अभियान चलाया। टीम ने आसपास के क्षेत्रों, बाजारों और गलियों में जाकर लगातार तलाश की। कड़ी मशक्कत और सूझबूझ से की गई कार्रवाई के बाद युवती को कुछ ही समय में सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

**जागरूक किया** सीडीएलयू में दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव 'उड़ान 2025' का आगाज

# शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसका जुड़ाव समाज से हो: डा. कृष्ण कुमार

डॉ एसके चक्रवर्ती ने 'नैनो टेक्नोलॉजी' विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

रेवाड़ी के बावल सीट से विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक, अध्यापक या विद्यार्थी की शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसका जुड़ाव समाज से हो। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के छोटे-छोटे प्रयोग भविष्य के समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। डा. कृष्ण कुमार शुक्रवार को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव 'उड़ान 2025' का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

**मनुष्य एक तर्कशील प्राणी:** डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि मनुष्य एक तर्कशील प्राणी है और उसके चार वर्ग होते हैं- आशावादी, निराशावादी, भाग्यवादी और यथार्थवादी। उन्होंने न्यूटन के नियमों का उदाहरण देते हुए कहा कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है और विज्ञान का उद्देश्य समाज की आवश्यकताओं को सृजनात्मक रूप से पूरा करना है। उन्होंने न्यूटन की भौतिकी की पुस्तक के अनुभव सांझा करते हुए कहा कि आज की डिजिटल लाइफ ने जीवन के हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किए हैं। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी अत्यंत सार्थक है, जो युवाओं को विचारशीलता, नवाचार और जिम्मेदारी के साथ समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। विद्यार्थियों का जीवन राष्ट्र को सशक्त करने वाला है, और विज्ञान के माध्यम से भारत को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक पहुंचाने का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे विज्ञान के माध्यम से भारत को सशक्त करने का संकल्प लें।




सिरसा। सीडीएलयू में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### संगोष्ठी सभी के सपनों को उड़ान भरेगी
सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह विज्ञान संगोष्ठी सभी के सपनों को उड़ान देने वाली है। यह न केवल विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें साकार करने की दिशा भी दिखाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भविष्य के वैज्ञानिकों को तैयार करने, नवाचार को बढ़ावा देने और भारत को विश्व स्तर पर अग्रणी बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह वैज्ञानिक यात्रा हमें ब्रह्मांड के नए दर्शन करने का अवसर देगी। कुलसचिव प्रो. विजय कुमार ने 'उड़ान 2025' के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'उड़ान' बच्चों के वर्तमान प्रयासों से उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने वाला मंच है।



फतेहाबाद। आग से घर में जला सामान। फोटो : हरिभूमि


### शक्ति नगर में मकान में लगी आग घर का सारा सामान जलकर राख
**फतेहाबाद।** शक्ति नगर स्थित एक घर पर आग लगने से पूरे मोहल्ले में हडक़म्प मच गया। आगजनी की घटना से घर में रखा काफी सामान जलकर स्वाह हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शक्ति नगर निवासी सुदर्शन नरुला और उनकी पत्नी प्रवीण नरुला दोनों ही अपनी अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे, बच्चे भी स्कूल गए हुए थे। दोपहर के समय जब उनकी पत्नी अपने बेटे को स्कूल से लेकर घर लौटी और घर का ताला खोला तो घर से तेज धुंआ और जलने की बदबू आ रही थी। अंदर जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। घर में बने मंदिर वाले कमरे में आग की लपटें धधक रही थी। इसी कमरे में रखी एक अलमारी में भी भीषण आग लगी हुई थी। शोरगुल सुनकर पड़ोसी भी दौड़े आए सभी ने प्रयास करके जैसे जैसे आग पर काबू पाया और सारा सामान कमरे से बाहर निकाला। इस हादसे में अलमारी में रखे सारे कपड़े, कुछ नकदी व जरूरी कागजात भी जल गए। आग लगने का सटीक कारणों का तो पता नहीं चला, लेकिन शॉट सर्किट होने का अंदेशा है।



सूअर में पसीने की ग्रंथियां नहीं होती हैं, इसलिए वे ठंडा रहने के लिए कीचड़ में लौटते हैं।



बाज की दूर की दृष्टि औसत इंसान से लगभग 700% बेहतर होती है।



# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन चमकाएं अपना करियर



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

कंप्यूटर के कार्य करने के तरीके को जानकर उसका सुचारू रूप से संचालन करना कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य होता है। कंप्यूटर अनुदेशक कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टशन देता है या फिर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टशन को लोगों को आम भाषा में सिखाता है इसे आप आसान भाषा में कंप्यूटर अध्यापक भी कह सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि कंप्यूटर का उपयोग आज के समय में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके लिए कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टर करने वाले लोगों की भी डिमांड देश और दुनिया में हर दिन बढ़ रही है तो आइए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के बारे में जानते हैं।

## बहुत अधिक महत्व

कंप्यूटर का उपयोग तथा उसका महत्व क्या है? यह बात आप भली-भांति जानते ही होंगे, क्योंकि आज के समय में कंप्यूटर प्रत्येक छोटा से छोटा और प्रत्येक बड़ा से बड़ा कार्य कर लेता है। कंप्यूटर पर आज के समय में दुनिया भर के प्रत्येक काम किए जाते हैं। कंप्यूटर की मदद से ही बड़ी-बड़ी कंपनियां और बड़े बड़े उद्योगों को चलाया जाता है। इस तरह से कंप्यूटर की उपयोगिता के आधार पर आप इसकी जरूरत और इससे होने वाले फायदों के बारे में भली-भांति जान सकते हैं। कंप्यूटर आज के दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाला एक आम उपकरण बन चुका है जिसका इस्तेमाल भारत में तथा दुनिया भर में 80% से भी अधिक आबादी करती है। कंप्यूटर का उपयोग ज्योति नहीं करते हैं वह कंप्यूटर के द्वारा निर्मित या कंप्यूटर के सहयोग से बनी हुई वस्तुओं का उपयोग अवश्य करते हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कंप्यूटर आज के समय में कितना महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। कंप्यूटर पर आधारित बड़े-बड़े उद्योग और बड़ी-बड़ी कंपनियां संचालित हैं। कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन कार्य किए जाते हैं और हर तरह के काम को आसान बनाया जाता है। कंप्यूटर बहुत सारे लोगों का काम अकेला ही तथा कुछ ही समय में कर देता है इसके अलावा काफी आसान तरीके से काम को निपटा देता है इसीलिए कंप्यूटर का महत्व है।

## कौन होता है कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर

एक ऐसा व्यक्ति जो कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर को तैयार रखता है या कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों को आसान भाषा में बताता है, ऐसे व्यक्ति को हम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कहते हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर एक प्रकार का कंप्यूटर अध्यापक होता है जो कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य आमतौर पर बड़े-बड़े सरकारी विद्यालयों में तथा बड़े-बड़े प्राइवेट शिक्षण संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर की क्लास के दौरान होता है।

### कौन से कार्य करने होते

कंप्यूटर एक ऐसा उपकरण है जो जटिल से जटिल कार्य को कम से कम समय में पूरा कर देता है। कंप्यूटर को समझना बहुत आसान है और बहुत कठिन भी है क्योंकि हम जितना कंप्यूटर को समझेंगे उतना हम कार्य कर सकते हैं। लेकिन हम कंप्यूटर को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, क्योंकि हम जितना चाहे उतना कंप्यूटर को समझ सकते हैं और जितना चाहे उतना अपनी समझ के अनुसार कंप्यूटर से कार्य करवा सकते हैं जो व्यक्ति जितना अधिक कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करता है। वह उसके अनुकूल कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर लेता है **Computer instructor** एक ऐसा ही पद होता है।

## कंप्यूटर अनुदेशक की योग्यताएं

कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ योग्यताएं पास करनी होगी, जिसके बाद ही आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन सकते हैं क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पद है। प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर के सेक्टर में अतिरिक्त और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अगर आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर से संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली को गंभीरता से जानना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने की योग्यता इस प्रकार है।

- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर के सेक्टर में गहरी रूचि होनी चाहिए।
- आपके पास कंप्यूटर के क्षेत्र मे डिप्लोमा या कोई अतिरिक्त उच्च डिग्री होनी चाहिए।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको कंप्यूटर को गहराई से समझना होगा।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।
- कंप्यूटर अनुदेशक बनने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान तथा वैकेंसी के अंतर्गत आवेदन करना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए संबंधित लिखित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा पास करनी होगी।

**कैसे बनें :** सरकारी नौकरी के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको शिक्षण संस्थान या संस्था द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांगे गए आवेदन के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

- आवेदन करने के बाद निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयोजित परीक्षा अच्छें अंकों के साथ पास करनी होगी, तभी आपका नंबर मेरिट लिस्ट में आ पाएगा।
- अगर आपका नाम मेरिट लिस्ट में आ जाता है तो आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन जाते हैं।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के बाद कार्यरत होने से पहले आपको संबंधित अपने सभी दस्तावेजों को प्रमाणित करवाना होता है।
- प्राइवेट सेक्टर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको संस्था या शिक्षण संस्थान के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

## सर्जरी के हीरो पर्दे के पीछे, करियर का बेहतरीन विकल्प

# एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट बन छू लें आसमान



**विपुल शर्मा**
**मोटिवेशनल स्पीकर**

अगर आप भी मेडिकल के क्षेत्र में अपना करियर चमकाना चाहते हैं तो आपके लिए एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट का कोर्स एक बेहतर करियर विकल्प हो सकता है। यह कोर्स करने के बाद आप सर्जरी में पर्दे के पीछे के हीरो बन जाएंगे और अपने करियर को नई उड़ान दे सकेंगे। इसके साथ आपको मरीजों की सेवा करने का भी मौका मिलता है। मरीज की सर्जरी के समय ऑपरेशन थिएटर में एक संपूर्ण मेडिकल टीम सक्रिय रहती है, जिसमें सर्जन और एनेस्थेटिस्ट के साथ एक उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद होता है। यही विशेषज्ञ होता है जो एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट (एओटीटी) जो मरीज की सुरक्षा, ओटी उपकरणों की तैयारी और सर्जिकल प्रक्रिया की निरंतरता सुनिश्चित करता है। इस कारण इसे मेडिकल फील्ड के सबसे महत्वपूर्ण, लेकिन कम दिखाई देने वाले प्रोफेशन में से एक माना जाता है।

**12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी) में न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना जरूरी**

**बी.एससी. इन एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी**

### एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट

एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट एक टेक्नो-क्लिनिकल विशेषज्ञ होता है, जो सर्जरी से पहले, दौरान और बाद में तकनीकी तथा क्लिनिकल सपोर्ट प्रदान करता है।

**ये हैं मुख्य जिम्मेदारियां :-**

- ओटी की तैयारी और तकनीकी सेटअप
- मशीनों, मॉनिटर्स और उपकरणों की जांच व संचालन
- एनेस्थीसिया प्रक्रिया में सहायता
- स्टरलाइजेशन और संक्रमण नियंत्रण
- आईसीयू/आपातकालीन स्थितियों में तकनीकी सहायता
- कार्डियक/न्यूरो/ऑर्थो जैसे सुपर-स्पेशियलिटी ओटी में सपोर्ट

### सरकारी संस्थानों में परीक्षा के आधार पर ही दाखिला



### कोर्स की अवधि

बी.एससी. इन एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी एक 4 वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम है, जिसमें 3 वर्ष का अकादमिक प्रशिक्षण और 1 वर्ष की अनिवार्य क्लिनिकल इंटर्नशिप शामिल होती है। इस दौरान विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण, लैब प्रैक्टिकल्स तथा ऑपरेशन थिएटर एवं एनेस्थीसिया विभाग में वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान किया जाता है। इंटर्नशिप के दौरान छात्र ओटी सेटअप, एनेस्थीसिया मशीनों का संचालन, लाइफ सपोर्ट इक्विपमेंट्स की मेंटेनेंस, सर्जिकल उपकरणों की स्टरलाइजेशन प्रक्रिया तथा मरीज की प्री ऑपरेटिव देखभाल जैसे महत्त्वपूर्ण कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, कई संस्थान विद्यार्थियों को केस स्टडी, वर्कशॉप्स, सिमुलेशन-बेस्ड ट्रेनिंग एवं रिसर्च प्रोजेक्ट्स जैसे माध्यमों से उन्नत व्यावहारिक ज्ञान हासिल करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इस दौरान तकनीकी दक्षता के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क, रोगी सुरक्षा और पेशेवर संवेदनशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

### रोजगार के बेहतरीन अवसर

- बहु-विशेषता अस्पताल
- सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय
- आईसीयू / एनआईसीयू / क्रिटिकल केयर इकाई
- आपातकालीन एवं ट्रॉमा देखभाल सेवाएं
- दर्द प्रबंधन इकाइयां
- केन्द्रीय स्टरल सप्लाई विभाग एवं संक्रमण नियंत्रण
- सशस्त्र बल / ईएसआईसी / रेलवे चिकित्सा सेवाएं
- चिकित्सा उपकरण उद्योग

***यह सिखाया जाता है इंटर्नशिप में :*** *इंटर्नशिप के दौरान छात्र वास्तविक अस्पतालों में कार्य करते हुए लाइव क्लिनिकल अनुभव प्राप्त करते हैं, जहां उन्हें ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में सेटअप, स्टरलाइजेशन और उपकरणों के संचालन, एनेस्थीसिया विभाग में IV लाइन लगाना, एयरवे मैनेजमेंट और दवाओं की तैयारी, आईसीयू/ सीसीयू/ एनआईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट एवं क्रिटिकल केयर मॉनिटरिंग, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा में बीएलएस-एसीएलएस तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया, सीएसएसडी में उपकरणों की स्टरलाइजेशन प्रक्रिया एवं ओटी एसेप्सिस और पेन क्लिनिक में सेडेटिव व एनाल्जेसिक प्रक्रियाओं में सहायता जैसे कौशलों का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। यह एक वर्षीय क्लिनिकल प्रैक्टिस छात्रों को वास्तविक अस्पताल-परिस्थिति में दक्ष बनाकर उन्हें एक कुशल, व्यावहारिक और अस्पताल-योग्य प्रोफेशनल के रूप में तैयार करती है।*

### कोर्स की योग्यता

इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी) में न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना चाहिए। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दाख़िला होता है। आज कई निजी संस्थान भी यह कोर्स संचालित कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को संस्थान चुनते समय उसकी मान्यता और क्लिनिकल ट्रेनिंग सुविधा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। चूंकि यह कोर्स तकनीकी और मरीजों के सीधे संपर्क से जुड़ा है, इसलिए व्यवहारिक ज्ञान इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### इन संस्थानों से कर सकते हैं कोर्स

- पीजीआईएमएस रोहतक (पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- पी.जी.आई. चंडीगढ़ (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़)
- जेआईपीएमईआर (जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुदुचेरी)
- जीएमसीएच चंडीगढ़। (शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, चंडीगढ़)
- एसजीपीजीआईएमएस (संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ)
- एम्स दिल्ली(अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली)
- एम्स भोपाल (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल)
- एम्स बिभीनगर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बिभीनगर, तेलंगाना)
- एम्स देवघर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर
- एम्स गोरखपुर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर)
- एम्स जोधपुर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर)
- जामिया हमदर्द (जामिया हमदर्द (विमुक्त विश्वविद्यालय), नई दिल्ली)

### वेतनमान के लिये ये श्रेणी

- **फ्रेशर:** 25,000 रुपये से 35,000 रुपये तक
- **सरकारी अस्पतालों में प्रारंभिक वेतन:** लगभग 60,000 रुपये प्रतिमाह से शुरू होता है।
- **अनुभवी (3–5 वर्ष):** 45,000 रुपये से 70,000 रुपये तक
- **सुपर स्पेशियलिटी/सीनियर:** 80,000 रुपये से 1,20,000+ रुपये तक संभव
- **विदेश में भी मौके** : 2–4 लाख रुपये प्रतिमाह तक संभव

### गर्व का करियर

यदि आप बिना एमबीबीएस किए ही मेडिकल फील्ड में सीधा क्लिनिकल योगदान देना चाहते हैं, तो (बी.एससी. इन एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी) का कोर्स आपके लिए एक उत्कृष्ट और सम्मानजनक करियर विकल्प हो सकता है। यह प्रोफेशन न केवल तकनीकी दक्षता सिखाता है, बल्कि मरीज की जान बचाने वाली टीम का अभिन्न हिस्सा बनने का गर्व भी देता है। इस काम को करके आप एक अलग ही अनुभव महसूस करेंगे और अपने करियर को उड़ान दे सकेंगे। सर्जरी की सफलता और मरीज की सुरक्षा में एओटीटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और अनिवार्य है। यही कारण है कि इन्हें सही मायनों में ऑपरेशन थिएटर के सच्चे हीरो कहा जाता है। अतः आप भी इस करियर विकल्प को अपनाकर पर्दे के पीछे के हीरो बनकर लोगों की जान बचाने में अहम योगदान दे सकते हैं।

# प्राकृतिक संसाधनों का महत्व और सूर्य की तरह चमकने का रहस्य



**मोटिवेशनल**
**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत एक ऐसा देश है जहां त्योहार न केवल खुशियां बांटते हैं, बल्कि जीवन के गहन सबक भी सिखाते हैं। हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में दीपावली और छठ पूजा विशेष स्थान रखते हैं। दीपावली को प्रकाश का पर्व कहा जाता है, जबकि छठ सूर्य देव और प्रकृति की उपासना का प्रतीक है। ये त्योहार छात्रों के लिए न केवल सांस्कृतिक धरोहर हैं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझने और जीवन में सूर्य की तरह चमकने का मार्गदर्शन भी करते हैं। इस लेख में हम करेंगे कि छात्र इन त्योहारों से क्या सीख सकते हैं, प्राकृतिक संसाधनों की प्रासंगिकता क्या है और कैसे वे अपने जीवन को उज्ज्वल बना सकते हैं। भारत वो मिट्टी है जहाँ त्योहार सिर्फ़ उत्सव नहीं, मां की गोद जैसे हैं जो गले लगाकर सिखाते हैं कि ज़िंदगी का असली प्रकाश बाहर नहीं, अंदर जलता है। दीपावली और छठ... ये दो नाम सुनते ही आंखों में चमक और दिल में एक गुदगुदी सी होती है।

## अंधेरा चाहे कितना गहरा हो, एक दीया काफी है

दीपावली वो मां है जो कहती है, "बेटा, अंधेरा चाहे कितना गहरा हो, एक दीया काफी है"। छठ वो दादी है जो नदी किनारे खड़ी होकर फुसफुसाती है, "सूरज को धन्यवाद देना, क्योंकि वो रोज़ तेरे लिए उगता है। ये त्योहार छात्रों के लिए सिर्फ़ छुट्टी नहीं दिल की क्लासरूम हैं। जहां प्राकृतिक संसाधन कोई सब्जेक्ट नहीं, सांसें हैं। और सूर्य की तरह चमकना कोई ड्रीम नहीं, विरासत है।

**दीपावली:** जब मां की हंसी दीयों में उतर आती है कार्तिक की अमावस्या। अयोध्या में राम लौटे थे। माँ सीता की आंखों में आंसू थे खुशी के। और आज? तुम्हारी माँ रसोई में दीये सजाती है। उसकी उँगलियाँ मिट्टी को छूती हैं। वो मिट्टी, जो तुम्हारे गाँव की है। वो तेल, जो खेतों से आया। वो बाती, जो दादी ने हाथ से काता।

**दिल को छूने वाले सबक:** 1. प्रकाश का महत्व: एक दीया जलता है तो लगता है, माँ की गोद में सोने जैसा सुकून। वो बताता है साधारण चीज़ों में भी जादू है। बिजली चली जाए तो क्या? तुम्हारा हौसला तो जल रहा है ना? आज की बिजली की बर्बादी देखकर मां रोती है। तुम बचाओ उसकी आँखों के आंसू बचेंगे।

2. **स्वच्छता और तैयारी:** दीवाली से पहले मां कहती है, "घर साफ़ करो, दिल भी साफ़ हो जाएगा"। परीक्षा का पेपर हो या जीवन का इम्तिहान सफ़ाई से शुरूआत होती है।

3. **साझेदारी और दान:** लक्ष्मी पूजन के बाद मां पड़ोसन को मिठाई देती है। "बेटा, जो बांटोगे, वही बढ़ेगा"। तुम्हारे नोट्स, तुम्हारा समय बांटो। एक दिन कोई तुम्हें अपना सूर्य बनाएगा।

**छठ पूजा: जब नदी मां बनकर गाती है**

बिहार की घाट। सुबह 4 बजे। ठंडी हवा। माँ सूप लिए खड़ी हैं। सूरज को पहला अर्घ्य। उस पल सूरज नहीं, माँ की आँखें चमकती हैं।

### दिल को पिघला देने वाले सबक

1. **प्राकृतिक संसाधनों की पूजा:** ठेकुआ में गुड़ की मिठास, गन्ने में खेत की खुशबू, नारियल में समंदर की लहर। ये सब मां की थाली में हैं क्योंकि प्रकृति मां है। जल संकट में जब गाँव की नदी सूखती है, माँ की आँखें सूखती हैं। तुम बचाओ मां की मुस्कान बचाओ।

2. **कठिनाई में धैर्य:** 36 घंटे का निर्जला व्रत। मां कहती हैं, "बेटा, दर्द में भी धैर्य रखो"। **JEE** की रातें, इंटरव्यू की घबराहट याद रखो, माँ खड़ी थीं नदी में, तुम भी खड़े रहोगे।

3. **स्वास्थ्य और शुद्धता:** ठेकुआ खाकर मां कहती हैं, "शुद्ध खाओ, शुद्ध सोचो"। जंकफूड छोड़ो। मां की थाली में स्वास्थ्य है, इंस्टाग्राम में नहीं।

दीपावली और छठ जैसे त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन दर्शन हैं। छात्र इनसे प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान, अनुशासन, धैर्य और सकारात्मकता सीख सकते हैं। आज के डिजिटल युग में जहां बच्चे स्क्रीन से चिपके रहते हैं, ये त्योहार उन्हें प्रकृति से जोड़ते हैं। आइए, इन त्योहारों को मनाते हुए वादा करें कि हम संसाधनों की रक्षा करेंगे और सूर्य की तरह चमककर देश का भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे।

**प्राकृतिक संसाधनों की प्रासंगिकता:** मां की गोद ख़तरे में

**सूर्य की तरह चमकने का रहस्य:** मां का आशीर्वाद सूरज रोज़ उगता है, क्योंकि मां रोज़ प्रार्थना करती है।"

**सकारात्मक ऊर्जा:** सूरज कभी नहीं कहता—"आज थक गया हूं"। तुम भी मत कहो। मां की लोरी में ताकत है।

**ज्ञान का प्रकाश:** दीपावली का दीया मां की आंखों की चमक। पढ़ो, ताकि अज्ञानता का अंधेरा भागे।

**स्वास्थ्य और अनुशासन:** छठ का उपवास, मां का **detox**। योग करो। सुबह उठो। मां की थाली में जादू है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किसे कंप्यूटर का पितामह कहा जाता है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) जोसेफ जैक्युर्ड

**2.** कम्प्यूटर के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) वान न्यूमन

**3.** प्रथम अंकीय कम्प्यूटर के ब्लू प्रिंट के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) विलियम बुरोस

**4.** सर्वप्रथम आधुनिक कम्प्यूटर की खोज कब हुई
(ए) 1946 ई.
(बी) 1950 ई.
(सी) 1960 ई.
(डी) 1965 ई.

**5.** कम्प्यूटर की भौतिक बनाबट कहलाती है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) फर्मवेयर
(डी) ह्यूमन वेयर

**6.** कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम.नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से सम्बन्धित अन्य लिखित सामग्री को कहा जाता है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) नेटवर्क
(डी) फर्मवेयर

**7.** कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है
(ए) प्रिंटर
(बी) कुंजी पटल
(सी) **CPU**
(डी) हार्ड डिस्क

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### मारपीट व हमले मामले में युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में एक अपाहिज के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने के मामले में शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जसबीर सिंह उर्फ जस्सा पुत्र चरणा राम निवासी जमालपुर शेखा के रूप में हुई है। इससे पहले इस प्रकरण में दो आरोपी पहले ही यह मामला 15 अक्टूबर का है, जब शिकायतकर्ता सुरेन्द्र पुत्र पूर्ण, निवासी राजनगर टोहाना ने पुलिस को दिए बयान में बताया था कि वह एक टांग से अपाहिज है और अनाज मंडी टोहाना में किराये की दुकान लेकर धान की झाड़-फूस का व्यापार करता है।

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े को दबोचा

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में वांछित भगौड़े को आरोपी को हुडा सेक्टर सिरसा से काबू करने में सफलता हासिल की है। अदालत ने आरोपी को 1 अप्रैल 2025 को पीओ घोषित किया था। सिविल लाइन थाना ने आरोपी राजेश पुत्र रामेश्वर निवासी गांव झलानियां जिला फतेहाबाद को हुड्डा सेक्टर सिरसा से काबू कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में सिरसा जेल भेजा गया है।

### चोरी के केस में उद्घोषित आरोपी किया गिरफ्तार

**हांसी।** जिला भर में उद्धघोषित अपराधी व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चोरी मामले में उद्धघोषित आरोपी चार कुतुब गेट निवासी शाका को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ इंचार्ज आशा राम ने बताया कि शाका को अदालत द्वारा शहर थाना में दर्ज चोरी के मामले में उद्घोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### स्कूलों को एक्सटेंशन देने पर जताया आभार

**हांसी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की शुक्रवार को राजबीर वर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग की गई। मीटिंग में प्रदेश सरकार द्वारा अस्थाई स्कूलों को एक वर्ष की एक्सटेंशन दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी प्रदेश भर के 2828 स्कूलों के एमआईएस पोर्टल बन्द है उनको भी सरकार निर्देश देकर जल्द खुलवाने का काम करें ताकि प्रदेश भर के विद्यालय में अपना पोर्टल पर कार्य निरन्तर रूप से कर सके। इस अवसर हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदेशक अनिल कुमार घरसा ने कहा कि इस सत्र में भी हांसी एसोसिएशन द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों की बोर्ड पाठ्यक्रम प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

### बाला जी का वार्षिक जागरण मनाया

**ओढां।** श्री सालासर यात्रा संघ ओढ़ा के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर पुरानी अनाज मंडी में स्थित महाराजा अग्रसेन कम्युनिटी हाल में भंडारे व जागरण का आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जागरण का शुभारंभ दुर्गा मंदिर के पुजारी देव शर्मा और हनुमान मंदिर के पुजारी महेन्द्र शर्मा ने संघ के सदस्यों के हाथों विधिवत पूजन के साथ ज्योति प्रजवलित कर किया गया। जागरण से पूर्व बाला जी का अटूट भंडारा वरताया गया जिसमें भारी संख्या में गांववासियों ने भाग लिया।

---

### सीएम फ्लाइंग ने की खाद विक्रेताओं की दुकानों पर रेड

# स्टॉक रिकॉर्ड और गोदाम के रजिस्टर में मिली गड़बड़ी

**कृषि विभाग ने दिया कारण बताओ नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) टीम ने शुक्रवार को हांसी में खाद विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी कर स्टॉक और गोदाम के रिकॉर्ड की गहन जांच की। जांच के दौरान दुकान पर कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते कृषि विभाग ने संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

छापे का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में एएसआई सुरेंद्र, एचसी विजय और उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. प्रीति वर्मा शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि हांसी क्षेत्र में कुछ खाद विक्रेता स्टॉक, गोदाम रिकॉर्ड और खाद वितरण में अनियमितताएं कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर कृषि विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए चौधरी कृषि भंडार पर छापा मारा। दुकान और गोदाम की जांच के दौरान मालिक विशाल की मौजूदगी में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक का मिलान किया गया। जांच में पाया गया कि गोदाम में डीएपी खाद के 248 बैग रखे थे, जबकि पीओएस मशीन के रिकॉर्ड में 238 बैग दर्ज थे, यानी 10 बैग अतिरिक्त पाए गए।



हांसी। छापे के दौरान जांच-पड़ताल करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### गेहूं के साथ मिला खाद का स्टॉक

टीम ने यह भी पाया कि गोदाम में गेहूं के साथ खाद का स्टॉक भी एक साथ रखा गया था, जो नियमों के विपरीत है। इसके अलावा दुकान पर स्टॉक डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा हुआ था, और स्टॉक रजिस्टर अधूरा व अपूर्ण पाया गया। कृषि विभाग ने इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

# बचपन से एक साथ पढ़े दो मित्र बने चार्टर्ड अकाउंटेंट, बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। सीए बने दोनों मित्र आशीष व राहुल श्योराण।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से घोषित सितंबर माह के के सीए फाइनल परीक्षा परिणाम में हिसार के दो बचपन के मित्रों ने एक साथ इतिहास रच दिया है। दोनों ने एक ही प्रयास में दोनों ग्रुप्स (ग्रुप 1 व ग्रुप 2) क्लियर करके, न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। दोनों की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है।

जिले के डाटा गांव निवासी आशीष जागलान व राहुल श्योराण ने एक साथ पढ़कर सीए तक की परीक्षा साथ दी और सफलता पाई।

> परीक्षा के दोनों ग्रुप किए क्लियर, परिवार में खुशी का माहौल

मूल रूप से डाटा गांव निवासी आशीष जागलान के पिता राजपाल जागलान हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो में सब इंस्पेक्टर है जबकि माता सुशीला देवी गृहिणी है। इस समय वे हिसार के आजाद नगर में रह रहे हैं। इसी तरह दूसरे युवा राहुल श्योराण मूल रूप से शेरला गांव निवासी है। आशीष व राहुल बचपन के साथी हैं और पांचवीं कक्षा से लेकर आज तक दोनों ने हर पड़ाव पर एक साथ पढ़ाई कीं एक साथ प्रशिक्षण किया, और अब एक साथ सीए फाइनल की दोनों ग्रुप्स में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की है।

# सफलता पाने के लिए अनुशासन होना सबसे जरूरी : श्रीनिवासन

> ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन ने किया फाइनल फुल ड्रेस ड्रिल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। एनसीसी कैंप के दौरान ड्रिल का निरीक्षण करते ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन व दीपक बिष्ट।

नंबर वन हरियाणा एयर स्क्वार्डन एनसीसी हिसार की ओर से श्रीकृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल सिवानी में चल रहे कैंप में कैडेट्स ने फाइनल फुल ड्रेस ड्रिल में भाग लेकर एकाग्रता, अनुशासन और एकता का परिचय दिया। ड्रिल के दौरान कैंप कमांडेंट एवं ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन ने निरीक्षण किया और केडेट्स का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान जेडब्ल्यूओ दीपक बिष्ट भी साथ थे। ड्रिल के बाद एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का होना सबसे जरूरी है जो एनसीसी से बेहतर कहीं नहीं सीखा जा सकता। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की ड्रेस ही उसकी पहचान है, जो उन्हें दूसरों से अलग रखती है और जीवन में कुछ नया करने का जज्बा पैदा करती है। एनसीसी फौज को जानने का सबसे अहम और मुख्य माध्यम है।

---

# महापंचायत ने लोगों को महाराजा शूरसैनी जयंती का न्योता दिया

- 16 को नारनौल में मनाई जाएगी महाराजा शूरसैनी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह का न्योता देते हुए।

सैनी महापंचायत हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दहिया की टीम के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक सैनी व नारनौंद हलका अध्यक्ष सुरेश सैनी द्वारा शहर में विभिन्न जगहों पर 16 नवंबर को नारनौल में महाराजा शूरसैनी की जयंती के निमंत्रण दिए। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर नारनौद नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन शमशेर सैनी, वार्ड नंबर 5 के नगर पार्षद सुखबीर सैनी, वार्ड नंबर 16 के नगर पार्षद अमित सैनी, नगर पालिका नारनौंद के पूर्व चेयरमैन भीरा सैनी, सैनी सभा धर्मार्थ ट्रस्ट के प्रधान शमशेर सैनी, सैनी सभा के पूर्व प्रधान धूप सिंह सैनी व शमशेर सैनी आदि सभी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में जयंती में पहुंचने का संकल्प लिया।

# छात्रों को दिया अगरबत्ती व मोमबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण

- महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। छात्रा को प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कालेज में सीएसआईआर-एरोमा मिशन के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती के साथ-साथ सुगंधित अगरबत्ती, धूपबत्ती एवं मोमबत्ती निर्माण पर दो दिवसीय प कार्यशाला का समापन हो गया।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यशाला में इत्र उद्योग कंपनी अल्ट्रा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक संत सांगानेरिया के उल्लेखनीय योगदान रहा है। दूसरे दिन सीएसआईआर-सीआईएमएपी लखनऊ के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना तथा घरेलू स्तर पर लघु उद्योगों की स्थापना के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान प्रदान करना था। डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव ने महाविद्यालय से 20 छात्राओं के एक दल को सीएसआईआर-सीआईएमएपी लखनऊ आने के लिए आमंत्रित किया। प्रशिक्षण में महाविद्यालय टीचिंग स्टाफ के साथ साथ 60 प्रतिभागियों को सीएसआईआर द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

#### प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी

महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा व प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल कौशल विकास को बढ़ावा देते हैं बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में भी योगदान करते हैं।

---

# दांतों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से जांच करवाएं

- इस मौसम में शरीर खुश्क होने के साथ दांतों में भी बढ़ती है झनझनाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। दांत की जांच करती डॉ. मुदिता कोठारी बाहेती। फोटो :हरिभूमि

सर्दियों के मौसम में दांतों को स्वस्थ रखने के लिए ध्यान देना जरूरी है। इस मौसम में शरीर खुश्क होने के साथ दांतों में भी झनझनाहट भी बढ़ती है। यह बात लोगों को जागरूक करते हुए डॉ सचिन मित्तल क्लीनिक में बीडीएस व इम्पलाटोलिजिस्ट डॉ मुदिता कोठारी बाहेती ने कही। उन्होंने कहा कि दांतों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से जांच करवाएं। उन्होंने बताया कि सर्दियों के मौसम में खूब पानी पीएं और दांतों के अनुकूल डाइट लें। बहुत ठंडा या गर्म पानी का सेवन करने से बचें। सॉफ्ट टुथब्रश का इस्तेमाल करें। 24 घंटे में कम से काम दो बार ब्रश करें और दांतों की नियमित रूप से दांतों की जांच करवाएं। इस मौसम में खान पान का भी दांतों पर असर पड़ता है। दूध, दही, पनीर और अन्य डेयरी प्रोडक्ट खा ले सकते हैं।



हिसार। लुवास टीम को सम्मानित करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### लुवास ने जिला युवा महोत्सव में लहराया परचम

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला युवा महोत्सव 2025 में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्साह से सबका मन मोह लिया। कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। इस दौरान हुई कविता लेखन में विनय यादव ने अपनी भावनाओं को शब्दों में पिरोकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तरुण कादयान ने प्रभावशाली वक्तृत्व के बल पर प्रथम स्थान, जबकि खुशी मेहरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन प्रतियोगिता में डॉ. रेमन मोर ने अपनी कल्पनाशीलता और लेखन शैली से द्वितीय स्थान हासिल किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में लुवास की टीम ने हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवम सोनी ने अपनी रचनात्मकता से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# शिविर में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड को प्रमाण-पत्र वितरित



हिसार। प्रमाण पत्र करते करते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सातरोड खुर्द गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिन का प्रवेशिका शिविर लगा। शिविर राज्य प्रशिक्षण इकाई के राज्य प्रशिक्षक नरेश कुमार, पायल व मीनू ने लगाया। तीन दिन के प्रवेशिका शिविर में विद्यार्थियों को स्काउटिंग का इतिहास, स्काउटिंग के नियम, अनुशासन, प्राथमिक चिकित्सा, आत्मरक्षा के गुर, ध्वज को लगाना व ध्वज को किस प्रकार से फहराया जाता है आदि गुण बच्चों ने सीखें। प्राचार्य संतोष कुमारी में बताया कि स्काउटिंग के माध्यम से आप लोग जीवन में बहुत आगे जा सकते हो। तीसरे दिन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर शिविर का समापन किया। इस मौके पर प्राध्यापक जेपी गिल, यशपाल, योगिता, रमा व लवली चावला आदि उपस्थित रहे।

---

### विद्यार्थी कर्तव्यों को निष्ठा के साथ निभाएं: प्रो. दलीप

**ऐलनाबाद।** सीएमआरजे राजकीय महाविद्यालय मिठी सुरेरां वंदे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को सशक्त करना और स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व को पुनः स्मरण कराना था। महाविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डा. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, मातृभूमि के प्रति प्रेम और त्याग की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं। प्रो. कुलजीत कौर, प्रो. सुरेश कुमारी, डा. जोगिन्द्र सिंह, प्रो. सावन कुमार के साथ अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों के साथ विद्यार्थियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### जनस्वास्थ्य विभाग ने एसपी से मांगा सहयोग

7 से 12 नवंबर तक निरंतर चलेगा सीवरेज लाइन शिफ्टिंग का कार्य

**हरिभूमि न्यूज.सिरसा।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर 1 के कार्यकारी अभियंता ने पुलिस अधीक्षक सिरसा को पत्र लिखकर यातायात नियंत्रण में सहायता का आग्रह किया है। पुलिस अधीक्षक सिरसा को लिखे अपने पत्र में विभाग के कार्यकारी अभियंता ने लिखा है कि सिरसा डबवाली मिनी बाईपास रोड (चत्तरगढ़पट्टी फाटक के समीप) विभाग की 600 एमएम सीवर लाइन लगी हुई है जिसे शिफ्ट करवाने का कार्य शुक्रवार 7 नवंबर से आगामी 12 नवंबर तक किया जाएगा। ऐसे में उनसे आग्रह किया जाता है कि वे उक्त समयावधि के दौरान उक्त स्थल पर यातायात को किसी अन्य स्थान पर डायवर्ट करवाएं ताकि कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सके और कोई अप्रिय घटना न हो सके। कार्य पूरा होने तक पुलिस विभाग जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का सहयोग करते हुए यहां पुलिस कर्मचारियों की तैनाती व बेरिकेड्स आदि का इंतजाम करके ट्रेरफिक का रास्ता बदलवाएं।

### राजकीय महाविद्यालय में 12वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता

# चार सौ मीटर में कीर्ति दौड़ी सबसे तेज

**प्राचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल पंकज गोयत व अन्य। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में 12वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पंकज गोयत ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

डॉ. सुखदेव ने बताया कि प्रतियोगिता में 400 मीटर पुरुष रेस में बजरंग ने प्रथम व वीरेंद्र दूसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर महिला रेस में कीर्ति ने प्रथम, अनु द्वितीय व नेहा ने तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक पुरुष में बजरंग ने पहला, प्रवीण ने दूसरा व आर्य व तृतीय स्थान पर रहे तथा गोला फेंक महिला में सपना ने प्रथम, सपना ने द्वितीय व कीर्ति तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद के महिला वर्ग में प्रियंका प्रथम, कविता द्वितीय व अनु तृतीय स्थान पर रही। पुरुषों में वीरेंद्र प्रथम व आर्य द्वितीय स्थान पर रहे, वहीं 100 मीटर के महिला वर्ग में कीर्ति प्रथम, प्रियंका द्वितीय व नेहा तृतीय स्थान पर रही व 100 मी पुरुष वर्ग में वीरेंद्र प्रथम, आर्य द्वितीय व बजरंग तृतीय स्थान पर रहे।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर डॉ सुचेता डॉ कृष्ण डॉ राजकुमार डॉ सतीश कुमार डॉ नेहा डॉ प्रवीण जैन डॉ अनूप डॉ हरदीप अशोक सन्नी व अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।*



हिसार। स्टेशनरी की दुकान में गल्ले को तोड़ता चोर सीसीटीवी में कैद।

### दुकान में दिनदिहाड़े चोरी का प्रयास

**हिसार।** डीएन कॉलेज रोड मंडी चौक स्थित एक स्टेशनरी की दुकान में दिनदिहाड़े गेट व गल्ले का ताला तोडऩे का मामला सामने आया है। नगर सुधार संघर्ष समिति के अध्यक्ष मोहना मंडी निवासी प्रमोद मित्तल ने बताया कि उनकी डीएन कॉलेज रोड मंडी चौक पर स्टेशनरी की दुकान है। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर को प्रातः करीब 9:30 बजे वह अपनी दुकान का शटर खोलकर पीछे की तरफ स्थित अपनी दूसरी दुकान को खोलने के लिए चला गया। उन्होंने बताया कि करीब 12 बजे काले रंग की स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक दुकान पर आया। उसने चेहरे पर सफेद रंग का गमछा बांधा हुआ था। उसने पेचकश से पहले एल्यूमिनियम के गेट का ताला तोड़ा और उसके बाद उसने दुकान के अंदर जाकर गल्ले का ताला तोडक़र चोरी का प्रयास किया।

**खबर संक्षेप**



फतेहाबाद। फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत आयोजित जागरूकता शिविर में किसानों को जानकारी देते अधिकारी।

## फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूक किया

**फतेहाबाद।** खंड फतेहाबाद के येलो जोन में शामिल गांव भिरड़ाना में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि जो किसान फसल अवशेष प्रबंधन करेंगे, उन्हें 1200 रुपये प्रति एकड़ की दर से सरकार की ओर से सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पराली को जलाने के बजाय खेत में मिलाने से मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ती है।

## दिव्यागों को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी : मोंगा

**फतेहाबाद।** खुशी एजुकेशन सोसाइटी के संचालक संजय मोंगा के प्रयासों से संचालित रहमत-ए-आशियाना स्पेशल स्कूल दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा की नई किरण बनकर उभर रहा है। इस विद्यालय में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक दिव्यांग बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। संजय मोंगा ने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य फतेहाबाद जिले में दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

## पोस्टर मेकिंग में राहुल प्रथम, हरजोत द्वितीय

**सिरसा।** राजकीय नेशनल कॉलेज सिरसा में डॉ. सी.वी. रमन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भौतिक विषय परिषद द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर रमेश सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीएससी तृतीय वर्ष के राहुल, द्वितीय स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष की हरजोत कोर व तृतीय स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष की सिमरप्रीत कंबोज रही। भौतिक व गणित विभाग के सदस्यों ने छात्रों को बधाई दी।

### राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर फतेहाबाद में जिला स्तरीय कार्यक्रम

# वंदे मातरम केवल राष्ट्रीय गीत नहीं, भारत की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वंदे मातरम् गीत मात्र शब्दों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह देश के प्रति हमारी भावना, एकता, संस्कृति और समृद्धि का दर्पण है। इस गीत के माध्यम से भारत माता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले महान वीरों को याद किया जा रहा है। यह बात पूर्व विधायक दुड़ाराम ने शुक्रवार को डीपीआरसी हॉल में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। इससे पहले पूर्व विधायक दुड़ाराम ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा डीपीआरसी परिसर में लगाई वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन को भी सुना गया। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि भाग लेना था लेकिन वह कार्यक्रम में नहीं पहुंची। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए प्राध्यापक रमेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए।

पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष का दिन हम सबके लिए गौरव और आत्मसम्मान का दिन है। आज का दिन हमें संकल्प दिवस के रूप में अपनाना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि वंदे मातरम स्वतंत्रता सेनानी बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की अद्भुत प्रतिभा, राष्ट्रप्रेम और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह गीत राष्ट्र के प्रति समर्पण का गीत है।





फतेहाबाद। जिला स्तरीय कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को पौधा रूपी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती और जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, मार्केट कमेटी चेयरमैन जगदीश जाखड़ को पौधा रूपी स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन हरियाणा राज्य गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर एसपी सिद्धांत जैन, आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीएसपी जगदीश काजला, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक अमित पंवार, डीईओ संगीता बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एमएम कॉलेज में स्वर और वाद्यों के माध्यम से दी वंदेमातरम मधुर प्रस्तुति



फतेहाबाद। कार्यक्रम में वंदे मातरम् दी मधुर प्रस्तुति देते विद्यार्थी व उपस्थित प्राचार्य तथा स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल महाविद्यालय में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष 'वंदे मातरम् कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, शिक्षण एवं गैर शिक्षक स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने स्वर और वाद्यों के माध्यम से वंदे मातरम् की भावनात्मक एवं मधुर प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस आयोजन को सफल बनाने में संगीत विभाग के सदस्यों डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, नितिन सचदेवा, वंशज रहेजा एवं सावन कुमार का सराहनीय योगदान रहा। कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, उपप्रधान अशोक तनेजा, सचिव विनोद मेहता, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्षों की पूर्णता पर पूरे कॉलेज परिवार को बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे राष्ट्रभावना से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रोत्साहित किया। चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा व प्रधान राजीव बत्रा ने कहा कि 2025 में वंदे मातरम् गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् अक्षय नवमी के पावन अवसर पर 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। वंदे मातरम् पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक अंश के रूप में प्रकाशित हुआ था। उन्होंने कहा कि मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक बताते हुए इस गीत ने भारत की एकता और आत्मगौरव की जागृत भावना को काव्यात्मक अभिव्यक्ति दी। यह गीत जल्द ही राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक चिरस्थायी प्रतीक बन गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इसकी भावना को सदैव अपने हृदय में जीवित रखें और राष्ट्र की उन्नति व प्रगति में सक्रिय योगदान दें।

## कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की प्रेरणा



टोहाना। छात्राओं को प्रोत्साहित करते पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली।

- पूर्व मंत्री के साथ विद्यार्थियों और नागरिकों ने एकता, स्वदेशी व राष्ट्रगौरव की शपथ ली

**टोहाना।** टोहाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उपमंडल स्तरीय भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि एसडीएम आकाश भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, गीत और हरियाणवी संस्कृति की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समा बांध दिया। सभी उपस्थितजनों ने स्वदेशी अपनाने, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव की शपथ ली। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि यह दिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उस भावनात्मक यात्रा का प्रतीक है जिसने भारत माता को 'वंदे मातरम' के माध्यम से हमारी आत्मा से जोड़ा। जब हम इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का पावन पर्व मना रहे हैं, तब हम केवल एक रचना का नहीं, बल्कि एक संस्कृति, एक चेतना और एक संकल्प का उत्सव मना रहे हैं। वंदे मातरम स्वतंत्रता सेनानी बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की अद्भुत प्रतिभा, राष्ट्रप्रेम और आस्था का प्रतीक है। उनके शब्दों ने उस युग में हर भारतीय के हृदय में स्वतंत्रता की ज्वाला प्रज्वलित की, जब बोलना भी अपराध था। यह गीत कर्तव्यनिष्ठा, देशभक्ति और त्याग की भावना को पुनः जागृत करने की प्रेरणा देता है। नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, संस्कार और जिम्मेदारी की भावना का संवर्धन ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह का आरंभ वंदे मातरम गीत की मधुर प्रस्तुति से हुआ, जिसने वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए रंगारंग नृत्य के माध्यम से एकता, स्वाभिमान और मातृभूमि प्रेम का संदेश दिया। मंच पर कविताओं, गीतों और वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया।

## राजकीय महिला कॉलेज भोडिया खेड़ा में स्मरण उत्सव मना



फतेहाबाद। सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अध्यापकगण व विद्यार्थी।

**फतेहाबाद।** वंदे मातरम के 150वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के अमूल्य योगदान को स्मरण करना रहा। राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में शुक्रवार को वंदे मातरम का सामूहिक गान बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयभगवान ने की। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीतों और नृत्यों ने वातावरण को भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और एकता की भावना को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें देशसेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. शकुंतला सिहाग, प्रो. रमन, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक व अन्य मौजूद रहे।

## शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन

**सिरसा।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 साल पूर्ण होने पर सिरसा जिले के शिक्षण संस्थाओं में शुक्रवार को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट किया गया और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। रानियां के कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज ने कहा कि वंदे मातरम् एक गीत के शब्द नहीं बल्कि ऐसा मंत्र है जो पूरे देश को एक सूत्र में पिरो कर रखता है। इस अवसर पर तहसीलदार शुभम शर्मा, नायब तहसीलदार लोकेश शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या इंद्रजीत कौर सैनी, भाजपा पूर्ण चंद सैन, कमल बंसल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन ललित पोपली आदि मौजूद रहे। उधर, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा के प्रांगण में भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यार्थियों में इसकी महता एवं देशभक्ति की भावना को प्रतिपादित किया गया। विद्यालय के प्रवक्ता चमन भारतीय ने विद्यार्थियों को विस्तार से इस गीत के बारे में जानकारी प्रदान की इस गीत ने एकता, समता का भाव जागृत किया।



सिरसा। छात्राओं को सम्मानित करते भाजपा नेता शीशपाल कंबोज।

## रतिया में देशभक्ति और राष्ट्र एकता की भावना के साथ मनाई गई वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ

**रतिया।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर उपमंडल स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्रेरणादायक सीधा संदेश प्रसारण को उपस्थितजनों ने ध्यानपूर्वक सुना। स्मरण उत्सव समारोह में सभी उपस्थितजनों ने देशभक्ति और राष्ट्र एकता और सामाजिक सद्भाव की शपथ ली। उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 में रचित 'वंदे मातरत' गीत में देशभक्ति की भावना को जागृत करने की अद्वितीय शक्ति है। इस गीत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया और राष्ट्रीय गौरव एवं एकता को बनाए रखा है। समारोह में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने नागरिकों से आह्वान किया कि हम वन्दे मातरम को केवल एक गीत नहीं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि आने वाले वर्षों में भारत को विकसित, सशक्त और संस्कारित राष्ट्र बनाने में हम अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। इस अवसर पर डीएसपी नर सिंह, नायब तहसीलदार विचित्रा नन्द, एसएचओ रणजीत सिंह, बीईओ शशि प्रकाश, एसडीओ कुलदीप सिंह, बीएल बतरा, कानूनगो शेर सिंह, जग्गा सिंह, पीटी ओमप्रकाश सहित स्कूली बच्चों व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता शिविर में नीरज ने डिबेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया



फतेहाबाद। राष्ट्रीय एकता शिविर में जिला फतेहाबाद के स्वयंसेवकों को सम्मानित करते अधिकारीगण।

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक भिवानी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न गतिविधियां में भाग लेकर अपने जिले व अपने राज्य का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला कोऑर्डिनेटर रोहतास कुमार कड़वासरा ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना के स्वयं सेवक नीरज ने डिबेट कंपटीशन व भाषा आदान प्रदान कंपटीशन में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल भट्टू कलां की छात्रा ने भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोह मनवाया। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल से भूमिका व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद से श्वेता ने संयुक्त रूप से खेलों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौबारा से आंचल व मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल भट्टूकलां से रितु राज ने ड्राइंग प्रतियोगिता में अव्वल रही।

## महाप्रबंधक ने खुला दरबार लगाकर सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं



सिरसा। खुला दरबार में समस्याएं सुनते जीएम।

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज कर्मशाला में महाप्रबंधक द्वारा सिरसा डिपो में पहली बार कर्मचारियों की समस्याओं के लिए खुला दरबार रखा गया, जिसमें कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं बताई। महाप्रबंधक द्वारा संज्ञान लिया गया और समस्याओं का निपटारा कई अधिकारियों के बीच में ही हल करवाने का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक ने सभी यूनियन के प्रधान, सेक्रेटरी व अन्य कर्मचारियों के साथ पूरी कर्मशाला और बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। महाप्रबंधक के निरीक्षण से साफ-सफाई चाक-चौबंद रही, जिससे कर्मचारियों में खुशी देखी गई। मौके पर ट्रैफिक मैनेजर, मुख्य निरीक्षक, सुपरीटेंडेंट, अन्य शिकायत संबंधी क्लर्क और यूनियन के नेता मौजूद रहे। सिरसा डिपो के सांझा मोर्चा के सभी सदस्यों ने महाप्रबंधक का धन्यवाद किया।

## राष्ट्रीय एकीकरण शिविर खुशमन कौर ने दो पदक जीते

**टोहाना।** भिवानी जिला में लोहड़ में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना में खंड स्तर पर प्रतिभागी एकमात्र गांव करंडी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 12वी कक्षा की छात्रा खुशमन कौर ने अपनी प्रतिभा से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक चले एनएसएस के राष्ट्रीय शिविर में छात्रा खुशमन कौर दो मेडल अपने नाम करने में कामयाब हुईं है। इसे लेकर इस राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में उसे प्रशस्ति पत्र भी दिया गया है। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में पदक जीतकर वापिस लौटी छात्रा के सम्मान में शुक्रवार को गांव करंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समारोह का आयोजन किया गया।

## सुंदर कांड कथा में आध्यात्मिक रहस्यों को किया उजागर



सिरसा। सुंदर कांड कथा करते स्वामी विज्ञानानंद।

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन मंदिर में तीन दिवसीय सुंदर काण्ड कथा के तृतीय दिवस संस्थान की ओर से कथा व्यास स्वामी विज्ञानानंद ने सुंदरकांड प्रसंग को बहुत रोचक ढंग से प्रस्तुत करने के साथ-साथ उसमें निहित आध्यात्मिक रहस्यों को भी उजागर किया। उन्होंने कहा भक्त हनुमान जी की सीता जी तक पहुंचने की यात्रा वास्तव में भक्त की भक्ति को प्राप्त करने की यात्रा है। जिस प्रकार इस यात्रा में हनुमान जी के सामने विभिन्न प्रकार की परिस्थितियां आई। किन्तु वह हर परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है। ठीक ऐसी भावना हमारी भी होनी चाहिए। आज विशेष रूप से स्वामी ने अपने विचारों में आज के युवा वर्ग को पवनपुत्र हनुमान जी के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए सही रास्ते पर चलना चाहिए।

## क्रेसण्ट स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस



फतेहाबाद। क्रेसण्ट स्कूल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट स्कूल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस बड़े उत्साह एवं उद्देश्यपूर्ण भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नौवीं एवं पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रातः सभा का संचालन किया गया। क्षितिज, सीरत व याशिका के मंच संचालन में मोक्षिता व अंश ने अपने-अपने सुविचारों के माध्यम से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राची एवं गौरांश ने 'कैंसर का डर नहीं, हम हैं जागरूक इंसान', कविता के सस्वर वाचन से यह संदेश दिया कि जागरूकता ही कैंसर से लडने का सबसे बड़ा हथियार है। गव्या ने राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तर व पीहू में स्पेलिंग चेक के माध्यम से विद्यार्थियों में शब्द ज्ञान व उच्चारण के प्रति जागरूकता बढ़ाई। विद्यालय परिसर को कैंसर जागरूकता से संबंधित प्रेरक व आकर्षक प्लैकाड्र्स एवं स्लोगन्स से सजाया गया।

## नाथूसरी चौपटा की छात्राओं ने ग्रुप डांस में तीसरा स्थान प्राप्त किया

**सिरसा।** आर्यन पब्लिक स्कूल सिरसा में जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिले की सभी ब्लाकों की टीमों ने बढ़ चढक़र भाग लिया, जिसमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी चौपटा की छात्राओं ने गुरप डांस में जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साई ने बच्चों को सर्टिफिकेट व ट्राफी देकर सम्मानित किया। धनराशि का पुरस्कार विद्यार्थियों के अकाउंट में डाला जाएगा। प्रधानाचार्य सुरेश पूनिया ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को बधाई दी। इस मौके पर शिक्षक भी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पंचायत भवन में जिला स्तरीय स्मरोणोत्सव का आयोजन

# वंदे मातरम ने देश की आजादी में एकता व जोश भरने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को सिरसा के पंचायत भवन में जिला स्तरीय स्मरोणोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नलवा विधानसभा के विधायक रणधीर पनिहार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम तथा अंबाला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। अतिथियों ने वंदे मातरम् प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार ने 11 साल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर देश व दुनिया को उसका महत्व और उससे जुड़े पूरे घटनाक्रम से अवगत करवाया गया है। यहीं वह गीत है, जिसने देश की आजादी की लड़ाई में एकता व जोश भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह एक गीत नहीं बल्कि आजादी की लड़ाई का एक महत्वपूर्ण घटक रहा है। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में इसे एक साथ गाया जा रहा है। इससे पहले कभी ऐसा प्रयास नहीं हुआ जो अब किया गया है।





फोटो : सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती छात्राएं तथा कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रणधीर पनिहार।

### देशभक्ति के कार्यक्रम किए प्रस्तुत

समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत व हरियाणवी संस्कृति पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चत्तरगढ़पट्टी की छात्रा ने वंदे मातरम् गीत पर एकल नृत्य, राजकीय स्कूल नाथूसरी कलां, साहुवाला द्वितीय, पनिहारी की छात्राओं ने ग्रुप डांस तथा राजकीय वरिष्ठां माध्यमिक विद्यालय स्कूल सिकंदरपुर की छात्रा व उनकी टीम ने सोलो सॉन्ग प्रस्तुत किया। राजकीय स्कूल भावदीन के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति पर आधारित स्किट प्रस्तुत की। वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद कांडा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहुवाला द्वितीय की टीम को 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

### भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे

समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, नगर परिषद के चेयरमैन शांति स्वरूप, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, भाजपा प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य, भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा, जिला महामंत्री हनुमान कुंडु, अंबर सिंह, पार्षद सुमन शर्मा, मीरां देवी, मुकेश मेहता, सावरमल गुर्जर, आमजन, स्कूलों के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## फतेहाबाद में बीजेपी के विधानसभा और मंडल संयोजक बनाए

**फतेहाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के लिए विधानसभा और मंडल स्तर पर संयोजक व सह संयोजक नियुक्त किए हैं। फतेहाबाद, टोहाना व रतिया विधानसभा स्तर के संयोजक व सह संयोजक बनाए गए हैं। वहीं, मंडल स्तर पर एक-एक संयोजक नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि पार्टी नेतृत्व की मंशा के अनुरूप यह नियुक्तियां संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से की गई हैं। विधानसभा संयोजकों में राधेश्याम झाझड़ा व पवन सिंह को फतेहाबाद, जोगिन्द्र नंदा व बीबो इंदौरा को रतिया, अवतार तलवाड़ा व गुरसेव धारसूल को टोहाना की जिम्मेवारी सौंपी गई है। अन्य को भी जिम्मेदारी सौंपी गई।